उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 25.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

❖ पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन मे जनपद के समस्त थानों मे नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओ का किया जा रहा निस्तारण

❖ महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, स्कमहिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा जागरुक

❖ सभी का उद्देश्य जनकल्याण व मानव समाज की सेवा करना शासन-प्रशासन महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके उत्थान व सशक्तिकरण हेतु है प्रतिबद्ध

❖ समस्त थानों की महिला पुलिस कर्मी व एण्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिरों बाजारों, स्कूलों/कालेजों व प्रमुख मार्गो पर चेकिंग भी की जा रही है।

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 25.08.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो /शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु **"शक्ति दीदी"** नियमित रुप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया व कराया जा रहा है।

जनचौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज़-4 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये त्वरित कार्यवाही की जायेगी।








## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्ता को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरोत्तम सिंह मय हमराह उ0नि0 नन्द कुमार मिश्रा व म0का0 रीतू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास कि सूचना पर ग्राम खन्ना मोड़ पर बह्द ग्राम खन्ना के पास से अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्ता लीलावती पुत्री रामसरन निषाद निवासी ग्राम गुढा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक झोले में 17 अदद देशी शराब क्वाटर झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद  हुयी। बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता लीलावती उपरोक्त के विरूद्ध थाना खन्ना में 119/2024 धारा 60 आबकारी अधि. का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी का विवरणः-**

एक झोले में 17 अदद झूम ब्राण्ड देशी शराब क्वाटर नाजायज बरामद

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

लीलावती पुत्री रामसरन निषाद निवासी ग्राम गुढा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ.नि. नरोत्तम सिंह
2. नन्द कुमार मिश्रा 3. म0का0 रीतू सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 25.08.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# थाना चरखारी की पुलिस टीम ने एक नफ़र वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 अर्जुन प्रसाद पटेल मय हमराह कां0 अमर द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मा0 प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में 01 नफर वारंटी अभि0 मो0 मलिक खान पुत्र हाजी खुर्शीद जमाल निवासी मु0 बाकरगंज जीटी रोड थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर हाल पता मु0नजरबाग थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित वाद संख्या 171/2022 धारा 128IPC थाना चरखारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. उ0नि0 अर्जुन प्रसाद पटेल
2. कां0 अमर द्विवेदी

## गिरफ्तार अभियुक्त :-

मो0 मलिक खान पुत्र हाजी खुर्शीद जमाल निवासी मु0 बाकरगंज जीटी रोड थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर हाल पता मु0 नजरबाग थाना चरखारी जनपद महोबा



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवचरन उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्रा0 परसहा थाना कबरई जनपद महोबा को चन्द्रावल नदी पुल के पास बहद ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से हिरासत में लिया, जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी मे 20 क्वाटर पाऊच देशी शराब नाजायज बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना कबरई में मु0अ0सं0 240/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्रबाबू 3. कां0 शुभम कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

प्रमोद कुमार पुत्र शिवचरन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा।

**बरामद सम्पत्तिः-**

अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी मे 20 क्वाटर पाऊच देशी शराब नाजायज बरामद होना।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 25.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "जब ट्रेन का इंजन हुआ फेल... जनपद महोबा पुलिस बनी मददगार, दे पाये परीक्षा।"

आज दिनांक 25.08.2024 को जनपद महोबा ( मानिकपुर रेलवे लाइन के बेलाताल रेलवे स्टेशन के पास ) क्षेत्रअन्तर्गत एक सवारी गाड़ी (ट्रेन) का इंजन फेल होने की सूचना समय करीब 10.54 बजे जनपद महोबा पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि ट्रेन में करीब 02 हजार से ज्यादा पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी सवार हैं जिनकी परीक्षा जनपद महोबा एवं जनपद बांदा में आज दिनांक 25.08.2024 की द्वितीय पाली में होना सुनिश्चित है। ट्रेन में सवार परीक्षार्थी हतास एवं परेशान थे एवं उनके मन में परीक्षा छूट जाने का भी ख्याल आ रहा था।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा उक्त ट्रेन के इंजन फेल होने की सूचना का तत्काल संज्ञान लिया गया एवं सम्बन्धित से वार्ता कर परीक्षार्थियों को परीक्षा में प्रतिभाग कराये जाने हेतु उनको उनके परीक्षा केन्द्र/सम्बन्धित जनपद पहुंचाये जाने हेतु तत्काल साधन उपलब्ध कराये के निर्देश दिये गए। इस पर तत्काल जनपद महोबा पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभ्यर्थियों को उनके गंतव्य/परीक्षा केन्द्रों (महोबा/बांदा) के लिये रोडवेज एवं प्राइवेज बसों की उपलब्धता समय करीब 11.30 बजे सुनिश्चित कर दी गई इस दौरान अभ्यर्थियों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए सिस्टम) के माध्यम से अनाउंस कर उनको बसों में बैठाकर सकुशल जनपद महोबा एवं जनपद बांदा के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम की इस तत्परता से सभी परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली व जनपद महोबा पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य का हृदय तल से आभार व्यक्त किया है।

साथ ही वैकल्पिक इंजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए उक्त ट्रेन को भी सकुशल रवाना किया जा चुका है।








जनपद महोबा मे शुचितापूर्ण परीक्षा चल रही है, और परीक्षार्थियों के लिये पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बेहतर इंतजाम किये गये है यघपि आप उनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे शर्म आनी चाहिये आपको बिना तथ्यों की पहचान किये अनावश्यक रुप से पोस्ट करने हेतु @mahobapolice को आपके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करनी चहिये।